## मुख्य विशेषताएँ – मार्च 2018

- किशनगंगा जलविद्युत परियोजना की अंतिम और तीसरी इकाई 30 मार्च 2018 संचालित हो गई।
- तमिल नाडु में 50 मेगावाट की सौर परियोजना को 23 मार्च 2018 को संचालित की गई।
- वित्त वर्ष 2017-18 में एनएचपीसी ने कुल संस्थापित क्षमता में 380 मेगावाट जोड़े हैं और इसे 7071.2 मेगावाट तक बढाया है।
- श्री ए. के. भल्ला, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के साथ 10 मार्च 2018 को किशनगंगा जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और कठिन चुनौतियों एवं प्रतिकूल जलवायु और राजनीतिक स्थितियों के बीच परियोजना के निर्माण हेतु कड़ी मेहनत व समर्पण के लिए एनएचपीसी टीम की सराहना की।
- श्री ए. के. भल्ला, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के साथ सलाल पावर स्टेशन का भी दौरा किया। जहाँ पर उन्हें रनर के बदलाव के कारण मशीन बढ़ी हुई क्षमता के बारे में जानकारी दी गई।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के साथ देहरादून में 15 मार्च 2018 को मुलाकात की और राज्य में एनएचपीसी के सभी सर्वेक्षण और अन्वेषण परियोजनाओं और पावर स्टेशनों की स्थिति के बारे में अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य में एनएचपीसी परियोजनाओं के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।
- 20 मार्च 2018 को अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री पवन कुमार चामलिंग से मुलाकात की और राज्य में एनएचपीसी की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने उन्हें तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना को एसआईए कंप्लीशन सर्टिफिकेट दिलवाने हेतु राज्य के सहयोग का अनुरोध किया। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना के लिए अपेक्षित मंजूरियाँ प्राप्त करने में सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया।
- इंडिया प्राइड अवार्ड्स 2017-18 में एनएचपीसी को 'सीएसआर/ पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण में उत्कृष्टता' पुरस्कार और एनएचपीसी की सहायक कंपनी एनएचडीसी को ‘इलेक्ट्रिसिटी व पावर श्रेणी में उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों को श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय केंद्रीय मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; कौशल विकास और उद्यमिता तथा श्री शिवराज सिंह चौहान, माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश ने दिल्ली में 28 मार्च 2018 को प्रदान किया।
- कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल (सीआईडीसी) द्वारा 7 मार्च, 2018 को 10वें सीआईडीसी विश्वकर्मा अवार्ड्स कार्यक्रम में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को ‘इंडस्ट्री डॉयन’ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने वित्त वर्ष 2017-18 में 23500 एमयू के बहुत अच्छे लक्ष्य की तुलना में 22625 एमयू का उत्पादन हासिल किया है, जबकि समग्र पीएएफ में 83.41% से 85.32% तक सुधार हुआ है।

## मुख्य विशेषताएँ- फरवरी 2018

- किशनगंगा जलविद्युत परियोजना की पहली इकाई को सफलतापूर्वक 1 मार्च 2018 को टेस्ट सिंक्रोनाइज़ किया गया है जबकि यूनिट 2 और 3 की कमीशनिंग का कार्य अग्रिम चरण में है ।
- तमिलनाडु में सौर परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है और 11.60 मेगावाट क्षमता की कमीशनिंग पहले ही की जा चुकी है ।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का संचयी बिजली उत्पादन फरवरी 2018 तक बढ़कर 22030 एमयू हो गया।
- हमारी कंपनी ने तीसरी तिमाही में अच्छे परिणाम दर्ज किए हैं । 2017-18 की तीसरी तिमाही के लिए कर पश्चात लाभ (कुल व्यापक आय) 669.41 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है ।
- 1000 मेगावाट की पकल दुल जलविद्युत परियोजना के पावर हाउस के निर्माण हेतु सिविल कार्य पैकेज को अवार्ड कर दिया गया है ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 21.02.2018 को निदेशक (वित्त) के साथ केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) के अध्यक्ष श्री पी.के. पुजारी से भेंट कर उन्हें एनएचपीसी के व्यापार लाइसेंस के लिए दायर आवेदन पत्र के बारे में अवगत करवाया ।
- 23.02.18 व 24.02.18 को तीस्ता लो डैम-III और IV पावर स्टेशनों के दौरे के दौरान दोनों पावर स्टेशनों की दक्षता बढ़ाने तथा इष्टतम प्रदर्शन के लिए इस क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई । सिलीगुड़ी से इन दोनों पावर स्टेशनों का रिमोट द्वारा परिचालन पावर स्टेशनों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।
- एनएचपीसी ने 20 से 23 फरवरी 2018 तक पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में चमेरा - I तथा चमेरा - II में 22वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी की । एनएचपीसी के खिलाड़ियों ने एकल ,युगल तथा टीम स्पर्धाओं में सराहनीय प्रदर्शन किया है ।

## मुख्य विशेषताएँ-जनवरी 2018

- किशनगंगा जलविद्युत परियोजना की दो यूनिटों की मैकेनिकल स्पीनिंग सफलतापूर्वक 31.01.2018 को पूरा कर लिया गया ।
- श्री एन.के.जैन, निदेशक (कार्मिक) और अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने नई दिल्ली में 17 जनवरी, 2018 को हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से मुलाकात की। माननीय मुख्यमंत्री को एनएचपीसी की गतिविधियों के बारे में बताया गया और एनएचपीसी द्वारा किए गए विभिन्न सीएसआर कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक और श्री एम.के. मित्तल, निदेशक (वित्त ) ने श्री राजीव कुमार, मुख्य सचिव और श्री आलोक कुमार, मुख्य सचिव (ऊर्जा ), उत्तर प्रदेश सरकार से 16 जनवरी 2018 को लखनऊ में मिला और ऊर्जा क्षेत्र में आपसी हित के व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा किया।

- एनएचपीसी को 3 जनवरी 2018 को नई दिल्ली में किशनगंगा जलविद्युत परियोजना के लिए "निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए जलविद्युत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ परियोजना डेवलपर" के लिए सीबीआईपी अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड डॉ. सत्य पाल सिंह, माननीय राज्य मंत्री, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया ।
- राज्य सरकार ने तीस्ता -IV जलविद्युत परियोजना की स्टेज- I क्लीयरेंस स्थिति की अनुपालन रिपोर्ट को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेज दिया है।
- लोकतक पावर स्टेशन द्वारा 25 जनवरी 2018 को 742.3 मिलियन यूनिट की अपनी उच्चतम वार्षिक उत्पादन प्राप्त किया गया।
- एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों की संचयी विद्युत उत्पादन जनवरी 2018 के महीने तक 21442 मिलियन यूनिट हुई है ।
- प्रख्यात वक्ताओं की एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला में, मुंबई के डब्बावाला को 25.1.2018 को एनएचपीसी के कार्मिकों के साथ अपने समृद्ध और विविध अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। एक सफल उद्यम के लिए सुस्पष्ट परिभाषित प्रणाली और ईमानदारी और अनुशासन जैसे मूलभूत मूल्यों की भूमिका को विशेष रूप से वक्ताओं द्वारा उल्लेख किया गया ।

## मुख्य विशेषताएँ-नवंबर 2017

- राष्ट्र की सेवा में 42 उपलब्धिपूर्ण वर्ष पूरा करते हुए एनएचपीसी ने 7 नवंबर 2017 को 43 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया । पूरे संगठन में स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निगम मुख्यालय में यह उत्सव जल तरंग सभागार में आयोजित किया गया । विद्युत मंत्रालय के सचिव (विद्युत) श्री ए.के. भल्ला ने मुख्य अतिथि के तौर पर एवं माननीय विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हो कर इस अवसर को गरिमा प्रदान की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 25.11.2017 को नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल, ब्रिगेडियर(डॉ) बी.डी.मिश्रा(सेवानिवृत) से भेंट कर उन्हें अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की परियोजनाओं की स्थिति से अवगत करवाया तथा उत्तर पूर्व विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं की प्रगति से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय के साथ 330 मेगावाट किशनगंगा परियोजना का 28 से 29 नवंबर, 2017 तक दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने विषम स्थान पर निर्माण कार्य जारी रखने के लिए एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की एवं पूरी टीम का मनोबल बढ़ाते हुए परियोजना को अति शीघ्र पूरा करने हेतु उत्साहवर्धन किया।

- माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में लोक लेखा पर एक संसदीय समिति ने 02.11.2017 को बेंगलुरु में एक अध्ययन दौरा किया जिसमें भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के बारे में चर्चा हुई। निदेशक (परियोजनाएं) ने इस बैठक में एनएचपीसी का प्रतिनिधित्व किया ।
- माननीय संसद सदस्य डॉ. टी सुब्बरामी रेड्डी की अध्यक्षता में राज्यसभा से अधीनस्थ कानून की संसदीय समिति ने 04.11.2017 को बेंगलुरु में सीईआरसी विनियमन -2017 पर चर्चा की, जिसमें अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने भाग लिया।
- कोलकाता में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल बेंच ने 15.11.2017 को जारी फैसले में तीस्ता-IV परियोजना के पर्यावरण मंजूरी के आदेश को सही ठहराया। वर्तमान में वन मंजूरी (चरण-II) एवं निवेश मंजूरी प्रक्रिया में है।
- निगम के सभी स्थानों पर सतर्कता जागरुकता सप्ताह 30 अक्तूबर से 04 नवम्बर 2017 तक " मेरा उद्देश्य- भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय पर मनाया गया । केंद्रीय सतर्कता आयुक्त श्री के.वी.चौधरी ने 02 नवम्बर 2017 को जल तरंग सभागार, निगम मुख्यालय,फरीदाबाद में सतर्कता जागरुकता सप्ताह2017 के अवसर पर सभी को संबोधित किया।
- निगम में 19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2017 तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया जिसमें आयोजित किए गए कार्यक्रमों में बड़े पैमाने पर कार्मिकों एवं लोगों ने भागीदारी की, जिससे समाज हर हिस्से में सांप्रदायिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता का प्रसार हुआ ।
- सभी पावर स्टेशनों परियोजनाओं और इकाईयों में 27 नवम्बर 2017 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया।
- प्रगति मैदान,नई दिल्ली में आयोजित भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2017 में मंत्रालयों और विभागों के पवेलियन के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्युत मंत्रालय के पवेलियन को रजत पदक से सम्मानित किया गया। आईआईटीएफ 2017 में विद्युत मंत्रालय के लिए एनएचपीसी नोडल एजेंसी थी।
- नंवम्बर 2016 के 19178 मिलियन यूनिट की तुलना में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से नवम्बर 2017 तक 19982 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन हुआ है।

## मुख्य विशेषताएँ-अक्तूबर 2017

- एनएचपीसी ने 2016-17 के लिए अपना उच्चतम लाभांश का भुगतान किया है। निगम ने अपने शेयरधारकों के लिए 1984.61 करोड़ रुपये की राशि वितरित की है। वित्त वर्ष 2016-17 के लिए भारत सरकार का कुल लाभांश भुगतान 1478.64 करोड़ रुपए है। 12.10.2017 को श्री आर. के सिंह, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा को 743 76.43 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश चेक प्रदान किया ।
- श्री आर. के सिंह , माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा की अध्यक्षता में विद्युत मंत्रालय के लिए संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति की बैठक 31.10.2017 को गुवाहाटी में आयोजित

की गई, जिसमें एनएचपीसी के मामलों के साथ साथ सुबनसिरी लोअर परियोजना पर भी चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने देश में जल विद्युत के विकास की दिशा में एनएचपीसी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

- माननीय संसद सदस्य (लोक सभा) श्री गणेश सिंह की अध्यक्षता में "अन्य पिछड़ा वर्ग भर्ती और उनके कल्याण के लिए प्रतिनिधित्व को सुरक्षित करने के लिए किए गए उपायों" पर अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी संसदीय समिति ने 11.10.2017 को भोपाल का दौरा किया। समिति ने भर्ती और उससे संबंधित मामलों में अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति पर एनएचपीसी के साथ चर्चा की। समिति ने इस संबंध में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 4 से 6 अक्टूबर, 2017 तक निदेशक (परियोजनाएं) के साथ किशनगंगा परियोजना का दौरा किया और परियोजना की चालू गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।
- 30 अक्टतूबर से 4 नवंबर 2017 तक "मेरा लक्ष्य-भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय के साथ पूरे संगठन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।
- 31 अक्टूबर , 2017 को पूरे संगठन में स्वर्गीय श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई और लोगों के बीच राष्ट्रीय अखंडता की भावना पैदा करने के लिए विशेष कार्यक्रम जैसे कि “रन फॉर यूनिटी” का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी विद्युत उत्पादन अक्तूबर 2017 के महीने में 19032 मिलियन यूनिट तक है।

## सितंबर 2017

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 29.09.2017 को माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ऊर्जा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा श्री आर के सिंह से मुलाक़ात की तथा उन्हें विभिन्न चालू परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराते हुए हमारे निगम की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी भी दी । माननीय मंत्री ने जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी की भूमिका की सराहना की और समय से परियोजनाओं के निष्पादन पर जोर दिया ।
- केंद्रीय वित्त मंत्री ने 27.09.2017 को विभिन्न मंत्रालयों / सार्वजनिक उद्यमों के सचिवों और सभी सीएमडी के साथ बैठक की जिसमें अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक भाग लिया । माननीय मंत्री ने केपेक्स लक्ष्यों को गंभीरतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया ।
- एनएचपीसी को 2016-17 के लिए "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" योजना के तहत भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने "प्रथम पुरस्कार" प्रदान किया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 14.09.2017 को आयोजित समारोह में भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने यह पुरस्कार प्रदान किया । एनएचपीसी ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए आठवीं बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया है।
- एनएचपीसी की राजभाषा पत्रिका ‘राजभाषा ज्योति’ को भारत सरकार के सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के अंतर्गत ‘क’ क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
- एनएचपीसी के सभी स्थानों पर कार्मिक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं ।

- कंपनी की 41वीं वार्षिक आम बैठक 27.09.2017 को निगम मुख्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।
- टाइम्स ऐसेंट द्वारा प्रस्तुत एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस एंड अवार्ड्स के 16वें संस्करण में निदेशक (कार्मिक) श्री निखिल कुमार जैन को एचआर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- 01 से 15 सितंबर, 2017 तक हमारे संगठन में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा सितंबर 2017 के महीने में 2420 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया है। 30.09.2017 तक संचयी बिजली उत्पादन 17351 मिलियन यूनिट है।

## अगस्त 2017

- एनएचपीसी को 2016-17 के लिए पावर सेक्टर के सभी उपक्रमों में राजभाषा के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य के लिए एनटीपीसी राजभाषा शील्ड के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार श्री बलराज जोशी, निदेशक (तकनीकी) और श्री निखिल कुमार जैन, निदेशक (कार्मिक) ने श्री पीयूष गोयल, तत्कालीन माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ऊर्जा, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान से दिनांक 31 अगस्त, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान प्राप्त किया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आदित्य प्रसाद पाधी, मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार से 28.08.2017 को भुवनेश्वर में मुलाक़ात की और ओडिशा राज्य में जलविद्युत, पंप स्टोरेज प्लांट्स और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित व्यवसायिक संभावनाओं के बारे में चर्चा की।
- श्री रमेश पोखरियाल "निशंक", माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में सरकारी आश्वासनों पर संसदीय समिति ने 24.08.2017 को चेन्नई में लोकसभा के सवाल से संबन्धित जलविद्युत क्षेत्र में सूखे के प्रभाव और निवेश के संबंध में चर्चा की।
- श्री सतीश चंद्र मिश्रा, माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में राज्य सभा की सरकारी आश्वासनों पर संसदीय समिति ने 28 अगस्त 2017 को भुवनेश्वर की एक अध्ययन यात्रा की। समिति ने "सीएसआर पर ऊर्जा कंपनियों द्वारा व्यय" और "अनापत्ति प्रमाणपत्र " पर चर्चा की। समिति ने एनएचपीसी के योगदान और सीएसआर गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।
- राज्यसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने माननीय संसद सदस्य डॉ. टी. सुब्बारामी रेड्डी की अध्यक्षता में 28.08.2017 को हैदराबाद में सीईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए नियम एवं शर्तें) विनियमन - 2017 पर चर्चा की।
- किशनगंगा जल विद्युत परियोजना के यूनिट -II के रोटर को 28.08.2017 को सफलतापूर्वक जनरेटर बैरल में उतारा गया।

- मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सुश्री अरुणाचलम नलिनी, उप प्रबंधक (वित्त) ने ओंटारियो, कनाडा में 4 से 12 अगस्त 2017 तक आयोजित 7वें विश्व वामन खेल 2017 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन पदक जीते जिसमें बोशिया (टीम स्पर्धा) में एक स्वर्ण पदक, बैडमिंटन महिला एकल और बैडमिंटन महिला डबल्स में कांस्य पदक जीते हैं।
- भारत छोड़ो आंदोलन की 75वीं वर्षगांठ को पूरे संगठन में 16 से 30 अगस्त, 2017 तक मनाया गया। इस अवसर पर निगम मुख्यालय और एनएचपीसी के अन्य स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय स्वतंत्रता की 70वीं वर्षगांठ निगम मुख्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा अगस्त 2017 के महीने में 14333 मिलियन यूनिट के मुक़ाबले 14930 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया गया है।

## जुलाई 2017

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सरबानंद सोनोवल से 15.07.2017 को गुवाहाटी में मुलाकात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। एनएचपीसी ने असम के बाढ़ प्रभावित जिलों में हर संभव सहायता प्रदान करने की पेशकेश की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 16.07.2017 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का भी दौरा किया और परियोजना की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडु से 16.07.2017 को ईटानगर में मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन से प्रभावित इलाकों की स्थिति पर चर्चा कर एनएचपीसी द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।
- पार्बती-।। जलविद्युत परियोजना की पहली इकाई को 29.07.2017 को सफलतापूर्वक ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइज़ कर लिया गया है, इससे अन्य इकाइयों की क्रमिक कमीशनिंग का मार्ग प्रशस्त हुआ है।
- एनएचपीसी ने 14.07.2017 को बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के साथ सात पावर स्टेशन यथा बैरा स्यूल, सलाल, टनकपुर, चमेरा-I व II, उड़ी -I, और सेवा-II के लिए पावर क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह क्रय समझौता पावर स्टेशनों की वाणिज़्यक संचालन की तिथि से 35 वर्ष की अवधि के लिए मान्य है।
- एनएचपीसी ने नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से निम्मो बाज़गो पावर स्टेशन में सिस्मिक यंत्र की स्थापना और भूकंप के डाटा को साझा करने के लिए 14.07.2017 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन भूकंप की मॉनिट्रिंग और संबंधित क्षेत्र में एनएचपीसी और एनसीएस के आपसी वैज्ञानिक सहयोग को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा।
- जैसलमेर स्थित 50 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना ने अपने कमीशनिंग से अब तक का उच्चतम दैनिक ऊर्जा उत्पादन दर्ज किया है।

- पार्बती-III पावर स्टेशन ने 18.07.2017 को 9.34 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर के परियोजना के चालू होने के बाद से अब तक का सर्वोच्च उत्पादन किया है ।

## जून 2017

- एनएचपीसी ने 20.06.2017 को विद्युत मंत्रालय के साथ वर्ष 2017-18 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं । इस समझौता ज्ञापन पर श्री प्रदीप कुमार पुजारी, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विद्युत मंत्रालय व एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए ।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने लखनऊ में 30.06.2017 को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश में एनएचपीसी की भूमिका और भविष्य की संभावनाओं के बारे में चर्चा की । उन्होने एनएचपीसी लिमिटेड और यूपीएनईडीए के संयुक्त उद्यम बुंदेलखंड सौर उर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल) की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी ।
- भारत-रूस सीईओ फोरम के सदस्य के रूप में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक 01.06.2017 से 03.06.2017 तक सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच (SPIEF'17) में सहभागिता की । इस मंच ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया है।
- डॉ. सत्यनारायण जटिया, माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में मानव संसाधन विकास पर विभागीय संसदीय स्थायी समिति ने 02.06.2017 को धर्मशाला का दौरा किया और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ खेल के संवर्धन और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खिलाड़ियों की भर्ती के बारे में चर्चा की।
- श्री आनंद शर्मा, माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 11.06.2017 को शिमला का दौरा किया और सतर्कता प्रशासन और सार्वजनिक शिकायतों के निवारण तंत्र की समीक्षा की।
- हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाओं के पारिस्थितिक प्रभाव पर चर्चा करने हेतु श्रीमती रेणुका चौधरी, माननीय संसद सदस्या की अध्यक्षता में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन पर विभागीय संसदीय स्थायी समिति ने 19.06.2017 को शिमला का दौरा किया ।
- श्रीमती जयश्रीबेन पटेल, माननीय संसद सदस्या की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने 23 से 24 जून, 2017 को सिलीगुड़ी का दौरा किया और विद्युत मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया एवं विशेषकर महिलाओं के प्रति कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में एनएचपीसी द्वारा किए गए सीएसआर गतिविधियां का निरीक्षण भी किया।

- डॉ. टी. सुब्बारामी रेड्डी, माननीय सदस्य संसद की अध्यक्षता में अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय स्थायी समिति, राज्य सभा ने 25.06.2017 को कोलकाता में अक्षय ऊर्जा स्रोत विनियम, 2017 में सीईआरसी के नियम एवं शर्तों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने जून 2017 के महीने में 7802 मिलियन यूनिट के मुक़ाबले 8549 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है।
- तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एनएचपीसी के सभी स्थापनों में 21 जून 2017 को बड़े ही उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ मनाया गया।

## मई 2017

- कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष के 2433 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में 2803 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। यह अब तक का सर्वाधिक अर्जित शुद्ध लाभ है, जो कि वित्त वर्ष 2011-12 में दर्ज 2772 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ को भी पार कर लिया है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने 6 से 8 मई, 2017 तक लोकतक पावर स्टेशन का दौरा किया और पावर स्टेशन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में परियोजना अधिकारियों के साथ चर्चा की।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बिरन सिंह से 06.05.2017 को इंफाल में मुलाक़ात की एवं एनएचपीसी और लोकतक डाउनस्ट्रीम हाइड्रोइलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन लिमिटेड (एलडीएचसीएल) की विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने राज्य में परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पूर्ण सरकारी सहायता का आश्वासन भी दिया।
- 20 से 22 मई 2017 तक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कोटलीभेल परियोजना का दौरा किया और परियोजना के कार्यान्वयन के बारे में चर्चा की। परियोजना अधिकारियों ने परियोजना निष्पादन के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिलने पर तत्परतापूर्वक कार्य प्रारंभ करने की पुष्टि की।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने मई 2017 के महीने में 4853 मिलियन यूनिट के मुक़ाबले 5460 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है।
- एनएचपीसी ने नई दिल्ली में 17 से 19 मई 2017 तक आयोजित पावर-जेन इंडिया व सेंट्रल एशिया 2017 में भाग लिया। एनएचपीसी ने प्रदर्शनी के दौरान जलविद्युत विकास के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और गतिविधियों को प्रदर्शित किया।

## अप्रैल 2017

- पार्बती –II जलविद्युत परियोजना की प्रथम यूनिट को दिनांक 31.03.2017 को सफलता पूर्वक घुमाया गया। यह कठिन भूवैज्ञानिक, लाजिस्टिक चुनौतियों के बीच हासिल किया गया।

- एनएचपीसी ने दिनांक 22 मार्च 2017 को श्री पीयूष गोयल, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ऊर्जा, कोयला , नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा और खान को 1402.21 करोड़ रूपए का लाभांश दिया। एनएचपीसी ने वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लाभांश 1660.61 करोड़ रूपए की तुलना में वर्ष 2016-17 के लिए 1882.02 करोड़ रूपए का अभी तक का सर्वाधिक अंतरिम लाभांश दिया है ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को 7 मार्च 2017 को नई दिल्ली में आयोजित 9 वें सीआईडीसी विश्वकर्मा अवार्ड समारोह में कन्स्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवेलपमेंट काउंसिल द्वारा “इंडस्ट्री डॉयन” पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- निगम मुख्यालय में दिनांक 15 मार्च 2017 को पावर स्टेशनों की एक समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें पावर स्टेशनों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और मुद्दों को हल करने के लिए उचित निर्देश दिए गए।
- हमारे पावर स्टेशनों ने वित्त वर्ष 2016-17 के लिए 23,000 मिलियन यूनिट के "बहुत अच्छा " एमओयू लक्ष्य की तुलना में 23,275 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है ।
- एनएचपीसी को सीआईडीसी की विभिन्न पहलों के तहत अत्यंत प्रतिबद्धतापूर्ण प्रदर्शन और निर्माण बंधुता के लिए जीवंत कार्य वातावरण बनाने व विशेष रूप से मिशन स्किलिंग इंडिया के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सीआईडीसी पार्टनर इन प्रोग्रेस ट्राफी 2017 से सम्मानित किया गया । हमारे 160 मेगावाट की टीएलडीपी -IV परियोजना को "सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजना" से भी पुरस्कृत किया गया ।
- एनएचपीसी को इंडिया प्राइड अवार्ड्स 2016-2017 में “सीएसआर/ पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण में उत्कृष्टता’ हेतु “पुरस्कृत किया गया।
- एनएचपीसी को 22.03.2017 को नई दिल्ली में आयोजित 11वें वॉटर डाइजेस्ट वाटर अवार्ड्स, वाटर टाइटन्स 2016-17 में “विद्युत उत्पादन में उत्कृष्ट जल प्रबंधन” की श्रेणी में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है ।
- एनएचपीसी को 27.03.2017 को तृतीय इंडिया रिस्क मैनेजमेंट अवार्ड्स में विद्युत क्षेत्र में “सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन प्रैक्टिस” के लिए पुरस्कृत किया गया ।
- नई दिल्ली में 2 मार्च 2017 को आयोजित ग्रीहा शिखर सम्मेलन में नीर शक्ति सदन को ग्रीहा (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटिग्रेटेड हैबिटैट एसेसमेंट) से चार सितारा दर्जा प्रदान किया गया जो कि एनएचपीसी की हरित क्रेडेंशियल को बढ़ावा देती है। नीर शक्ति सदन फरीदाबाद की पहली इमारत है जिसे 4 सितारा रेटिंग से सम्मानित किया गया है।
- पार्बती -II परियोजना के ई एंड एम कार्यों के तहत यूनिट # 4 में 350 टन के रोटर को पावर हाउस के पिट में 17.03.2017 को सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है ।